Delhi Public School, Howrah

HALF YEARLY EXAMINATION (2024-2025)

Class-VIII

Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.

SUBJECT: HINDI (3RD LANGUAGE)

अवधि:- 1 घंटा 30 मिनट **कुल अंक- 40**

सामान्य निर्देश :-

1. प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

2. लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।

(अपठित गदयांश)

प्रश्न (1) दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **(1X5=5)**

गांधी जी के विचार 'संयुक्त राष्ट्र संघ' के घोषणा-पत्र में कही गई बातों से मेल खाते हैं। इस घोषणा-पत्र में कहा गया है कि सब लोग उन्नति करें, सबको अच्छा खाना-कपड़ा मिले, सब लोग आज़ादी का जीवन बिताएँ, स्त्री-पुरुषों के अधिकार बराबर हैं और कोई देश दूसरे देश को दबाकर न रखे। गांधी जी ने अफ्रीका में 'सत्याग्रह' का आंदोलन चलाया। गांधी जी मानते थे कि यदि सच्चाई के हथियार का मज़बूती से इस्तेमाल किया जाए तो हिंसा किए बिना ही शांति से परिवर्तन लाया जा सकता है। गांधी जी को अहिंसा का पुजारी कहना सही है।

(क) गांधी जी के विचार किससे मेल खाते हैं ?

(ख) 'संयुक्त राष्ट्र संघ' के घोषणा-पत्र में कौन-कौन-सी बातें बताई गई हैं?

(ग) गांधी जी को 'अहिंसा का पुजारी' कहना क्यों सही होगा?

(घ) गांधी जी ने अफ्रीका में कौन-सा आंदोलन चलाया ?

(ङ) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

प्रश्न (2) शब्दार्थ लिखिए- **(1X3=3)**

(क) निकट - (ख) संदेह - (ग) दीपक -

प्रश्न (3) वाक्य बनाइए- **(1X2=2)**

(क) भय (ख) मानवता

प्रश्न (4) यह कथन किसने-किससे कहा ? **(1X1=1)**

(क) मैं इस मंदिर के देवता का अनन्य भक्त हूँ।

प्रश्न (5) खाली स्थान भरिए- **(1X4=4)**

(क) तेनालीराम ने कलाकार से----------------------- मोर रंगवाए।

(ख) हमें जल को ----------------------- होने से रोकना चाहिए।

(ग) किसी आकर्षक वस्तु को देखकर उसके -----------------------में नहीं आना चाहिए।

(घ) कुछ जीवों में उनके शरीर के वज़न का -----------------------पानी होता है।

प्रश्न (6) सही कथन के सामने (सही) और गलत कथन के सामने (गलत) लिखें- **(1X2=2)**

(क) नदी में मेंढक का कोई मित्र नहीं था। ( )

(ख) मेंढक ने झपटकर कौए को पकड़ लिया । ( )

प्रश्न (7) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः- **(2X5=10)**

(क) राजा सभा बंद करके उसके स्थान पर क्या करने लगा?

(ख) दूध और पानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

(ग) 'प्रकृति की सीख' कविता के आधार पर बताइए कि हमें पृथ्वी और दीपक से क्या सीखना चाहिए?

(घ) नागरिकों की निस्वार्थ सेवा के बारे में जानकर राजा ने क्या अनुभव किया?

(ङ) मेंढक की अंतिम इच्छा क्या थी?

(रचनात्मक लेखन)

प्रश्न (8) नीचे दिए गए अंग्रेजी अनुच्छेद का अनुवाद हिंदी में करें- **(3)**

Once upon a time, a lion was sleeping under a banyan tree at the roadside. An ant was going through the same path. She mistakenly went over the lion. On his sleep being disturbed, the lion woke up roaring loudly. He shouted at the ant "How dare you bother me?" The ant started shivering with the fear of death.

प्रश्न (9)"बरसात का एक दिन" - दिए गए विषय पर **80** से **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- **(5x1=5)**

प्रश्न (10) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए तथा इस चित्र का वर्णन 50 से 60 शब्दों में कीजिये । **(5x1=5)**